ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-10-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-10-22 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-10-23	2024-10-24	2024-10-25	2024-10-26	2024-10-27
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	36.0	37.0	38.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	22.0	21.0	21.0	22.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	34	30	23	22	21
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	12	12	11	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8	10	8	10	8
पवन दिशा (डिग्री)	104	334	309	293	258
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	0	0	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना । अधिकतम तापमान 35.0 से 38.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 21.0 से 23.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 08-10 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई सरक्षित नमी में सरसों व चने की बुवाई हेतु खेत तैयार करें। खेत की जुताई करने के तुरंत बाद पाटा अवश्य लगाएं ताकि मिट्टी से नमी का ह्रास न हो। किसान भाई रबी फसलों में दीमक और अन्य मिट्टी के कीड़ों को नियंत्रित करने के लिए अंतिम जुताई के समय क्विनालफॉस 1.5% @ 25 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से दे।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई सरसों की बुवाई दिन का तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड से कम होने पर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सिंचित क्षेत्र में सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। अंतिम जुताई के समय 30 किलोग्राम नत्रजन तथा 35 किलोग्राम फॉस्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दे। बीज को 30 सेंटीमीटर

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	(कतार से कतार) तथा 10 सेंटीमीटर (पौधा से पौधा) की दूरी पर बोएं| बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल की बुवाई का समय अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर के पहले सप्ताह तक है। बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RMT-I व RMT-305 उन्नत किस्में है।
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि पशुओं को चिंचड़ी, जुंए, पिस्सू तथा गोमक्खी से बचाव हेतु पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार पशु शरीर के ऊपर 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से डेल्टा मेथ्रिन (बुटोक्स) का प्रयोग करें।